| |
|---|
| समस्त पत्र–व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं। |

पत्र संख्या :............................

दिनांक :................................

प्रेषक,

**कुलसचिव,**
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007,

अति महत्वपूर्ण

सेवा में,

**समस्त विभागाध्यक्ष / समस्त प्रधान अन्वेषक,**
सेन्टर ऑफ एक्सिलेन्स,
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

महोदय / महोदया,

शासन स्तर से सेन्टर ऑफ एक्सिलेन्स के अन्तर्गत अवमुक्त धनराशियों एवं आउटकम की लगातार समीक्षा की जा रही है, तथा निहित उद्देश्यों हेतु अवमुक्त धनराशि के व्यय का उपभोग प्रमाण पत्र तथा आउटकम शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिये जा रहे है।

तद्क्रम में अनुरोध है कि वर्ष 2015–16, 2016–17, 2018–19, 2019–20, 2020–21 तथा 2021–22 में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष शत–प्रतिशत व्यय करने के सम्बन्ध में दिनांक 22.01.2022 को सायं 04.00 बजे प्रशासनिक भवन के मंथन हॉल में बैठक आहूत की गयी है। निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी –

1. अध्यावधिक व्यय की स्थिति।
2. यदि कोई धनराशि व्यय हेतु अवशेष है तो प्रस्ताव।
3. शोध की आउटकम की स्थिति।
4. अन्य यदि उक्त के सम्बन्ध में कोई प्रस्ताव हो।

कृपया बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय,

**(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)**
कुलसचिव

संख्या..R/106/22 दिनांक..21/01/2022

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता(शोध),ल0वि0वि0, लखनऊ।
3. वित्त अधिकारी, ल0वि0वि0, लखनऊ।
4. लेखाधिकारी, ल0वि0वि0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अवमुक्त धनराशि प्रतिमाह उपभोग प्रमाण पत्र अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. इंचार्ज वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित की विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा समस्त सम्बन्धित के मेल आई0डी0 अपलोड करने का कष्ट करें।
6. सहायक कुलसचिव(प्रोजेक्ट), ल0वि0वि0, लखनऊ।

कुलसचिव